

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–240/2026

राज्यपाल ने दीपावली के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना 06 नवम्बर, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने दीपावली के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि दीपों का यह त्योहार सत्य की असत्य पर तथा प्रकाश की अंधकार पर विजय का प्रतीक है तथा हमें सत्य, नैतिकता व सदाचार के मूल्यों को आत्मसात करने एवं सामाजिक समरसता और पारस्परिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। इस अवसर पर हम समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों के जीवन में आशा और खुशी का दीप जलाने का संकल्प लें।

राज्यपाल ने इस त्योहार के अवसर पर बिहारवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की है तथा सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त दीपावली मनाने का आवाहन किया है।

.....